इन्वेस्टिचर सेरेमनी

बाल भारती पब्लिक स्कूल, नीलबड़ में दिनांक 29/6/24 को 'इन्वेस्टिचर सेरिमनी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स मिनिस्टर, कल्चरल मिनिस्टर, हाउस कैप्टन्स आदि अनेक पदों के लिए बैचेज़ और सैश प्रदान किए गए। सभी काउंसिल मेंबर्स ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या माननीया डॉ० श्रीमती उषा खरे, स्कूल की प्राचार्या श्रीमती दीपा अग्रवाल तथा उप-प्राचार्या डॉ० सकीना नायडू जी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया । कार्यक्रम में बच्चों ने सुंदर गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी अभिभावकों का मन मोह लिया । स्कूल की प्राचार्या जी ने पौधों को देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में बच्चों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के द्वारा बच्चों में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को दिए जाने वाले अनेक पद उनमें जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं। उन्होंने कहा कि बाल भारती पब्लिक स्कूल हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देता है तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करता है। स्कूल की उपप्राचार्य डॉ० सकीना नायडू ने बच्चों को शुभकामनाएँ दीं और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।